केन्द्रीय विद्यालय सीतापुर (प्रथम पाली)

द्वितीय आवधिक परीक्षा 2022-23

कक्षा - नवीं **विषय- हिन्दी**

समय- 90 मिनट **पूर्णांक- 40**

निर्देश- पूछे गए प्रश्नों के अनुसार उत्तर लिखिए -

1- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के अनुसार उत्तर लिखिए- 1×5=5

झूरी काछी के दोनों बैलों के नाम थे हीरा और मोती ।दोनों पछाई जाति के थे - देखने में सुंदर काम में चौकस, डील में ऊंचे । बहुत दिनों साथ रहते रहते दोनों में भाईचारा हो गया था। दोनों आमने-सामने या आसपास बैठे हुए एक दूसरे से मुक-भाषा में विचार विनिमय करते थे । एक दूसरे के मन की बात कैसे समझ जाते थे हम नहीं कर सकते ? अवश्य ही उनमें कोई ऐसी गुप्त सकती , थी जिससे जीवो में श्रेष्ठता का दावा करने वाला मनुष्य वंचित है ।दोनों एक दूसरे को चाट कर और सूं घ कर अपना प्रेम प्रकट करते, कभी-कभी दोनों सींग भी मिला लिया करते थे- विग्रह के नाते से नहीं केवल विनोद के भाव से आत्मीयता के भाव से जैसे दोस्तों में घनिष्ठता होते ही धौल-धब्बा होने लगता है ।इसके बिना दोस्ती कुछ फुसफुसी,कुछ हल्की सी रहती है ,जिस पर ज्यादा विश्वास नहीं किया जा सकता।

1(i) झूरी काछी- के कितने बैल थे?

क- एक ख- दो ग - तीन घ- चार

1(ii) झूरी के बैलों के क्या नाम थे?

क- मोती और माणिक ख- हीरा और मोती

ग- सोना और चांदी घ- गोरा और काला

1(iii)- दोनों बैलों की विशेषता थी-

क-देखने में सुंदर ख- काम में चौकस ग- डील में ऊंचे घ- यह सभी ।

1(iv)- दोनों बैल परस्पर विचार विनिमय कैसे करते थे-

क- बोलकर ख- सींगलड़ा कर ग- मूक भाषा में घ- संकेत द्वारा

1(v). जीवों में श्रेष्ठता का दावा करने वाला कौन है?

क- बंदर ख- भालू ग- मनुष्य घ- सिंह

2- निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दें 1×5=5

हस्ती चढ़िए ज्ञान कौ,सहज दुलीचा डारि ।
स्वान रूप संसार है , भूंकनदे झख मारि ।
हिंदू मूआ राम कहि मुसलमान खुदाइ
कहे कबीर सो जीव ता जो दुहुंके निकटि ना जाइ ।

2(i). कबीर किस पर सवार होने के लिए कहते हैं-

क- घोड़े पर ख- रथ पर ग- ज्ञान रूपी हाथी पर घ- इनमें से किसी पर नहीं।

2(ii). कबीर ने संसार की तुलना किससे की है-

क- बंदर से ख- कुते से ग- बकरी से घ- गीदड़ से ।

2(iii). हिंदू किसके नाम पर मरता है-

क- कृष्ण के ख- राम के ग- खुदा के घ- रहीम की

2(iv). कबीर के अनुसार कौन जीवित है-

क- जो राम को भा जाता है ख- जो खुदा को इबादत करता है

ग- जो राम और रहीम दोनों को मानता है घ- जो राम और खुदा दोनों के चक्कर में नहीं पड़ता

2(v). भूंकन दें एक मारि कहकर किसकी उपेक्षा की है-

क- कुत्ते की ख- संसार की ग- हाथी की घ- ज्ञान की

प्रश्न- 3-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए 1×5=5

क-ललदयद किस भाषा की कवयित्री हैं ।

ख- वाख किसे कहते हैं-

ग- रसखान की कविता का मूल भाव क्या है-

घ- रसखान किसके उपासक थे।

ङ- पशु के रूप में रसखान क्या बनना चाहते हैं-

प्रश्न 4- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 2×4=8

क- कवि ने कोयल को बाबली क्यों कहा है?

ख- हथकड़ियों को गाना क्यों कहा गया है?

ग- नामसे कौन था उसकी चारित्रिक विशेषताएं बताइए।

घ- उपभोक्ता वादी जीवन दर्शन क्या है?

ङ- सुख की व्याख्या बदल गई है कैसे?

प्रश्न- 5 - निम्नलिखित प्रश्न प्रश्न का उत्तर दीजिए 1×3=3

क- प्रेमचंद का जूता फटने की कौन सी संभावनाएं लेखक ने व्यक्त की है?

प्रश्न- 6- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 2×3=6

क- मृत्यु का तरल दूत किसे कहा गया है?

ख- बाढ़ की खबर सुनकर आपदा के समय हमें क्या करना चाहिए?

ग-. सालिम अली पर किस व्यक्ति का सर्वाधिक प्रभाव पड़ा।

प्रश्न-7- पूछे गए प्रश्नों के अनुसार उत्तर लिखें- 1×3=3

क- अनन्त शब्द में कौन सा उपसर्ग है-

क- अन

ख- अन्य

ग- अ

घ अन्

ख- आजन्म पदों में कौन सा समास है?

क- तत्पुरुष

ख- दिगु समास

ग- अव्ययीभाव समास

घ- कर्मधारय समास

ग- निम्नलिखित में कौन सा अलंकार नहीं है?

क- आए महंत वसंत।

क- उपमा

ख- रूपक

ग- मानवीकरण

घ- अनुप्रास।

प्रश्न- 8- विद्यालय में खेल का सामान उपलब्ध कराने हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए- 1×5=5